**COSMO FERRITES LIMITED**
(Govt. of India Recognised Export House)
CIN : L27106HP1985PLC006378
H.O.: 517, 5th Floor, DLF Tower-A, Jasola District Centre, New Delhi-110025 (India)
Ph.: +91-11-49398800
E-mail : sales@cosmoferrites.com Website : www.cosmoferrites.com

**CFR/SE/2023-24/JUL/06** **July 19, 2023**

The Manager (Listing)
Bombay Stock Exchange limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400 001

Scrip Code: 523100 Security ID: COSMOFE

**Sub: Submission of Newspaper Publication for Notice of 37th Annual General Meeting of the Company and information of e-Voting details**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith, copies of the Newspaper Advertisement in respect of Notice of 37th Annual General Meeting of the Company to be held on August 09, 2023 and information of e-Voting details published in "Financial Express" (**English)** and "Himachal Dastak" (**Hindi**).

You are requested to take the same on your records.

Thanking You

Yours faithfully
For **Cosmo Ferrites Limited**

RAHUL DAS
Digitally signed by RAHUL DAS
Date: 2023.07.19 11:31:24 +05'30'

Rahul Das
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl: as above**

## न्यूज 1 नजर में

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन में



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल के 19 जुलाई के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित प्रवास कार्यक्रम के अनुसार डॉ. शांडिल 19 जुलाई को दोपहर बाद 2 बजे सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डांगरी के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी देवरा के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। डॉ. शांडिल इसके उपरांत सायं 3.05 बजे ग्राम पंचायत डांगरी के गांव बेरटी का दौरा करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सायं 4.15 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### इनरव्हील क्लब ने बांटे दूध के पैकेट

**नालागढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ नालागढ़ रॉयल्स ने झुग्गी-झोंपड़ियों में जाकर दूध के पैकेट वितरित किए। क्लब की प्रधान स्वाति भरतिया ने बताया कि सावन मास के पहले सोमवार के अवसर पर क्लब द्वारा 3 झुग्गी-बस्तियों में दूध के पैकेट बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत घनसोत में मधुबन कॉलोनी, रामशहर रोड पर प्रीतनगर और न्यू नालागढ़ में झुग्गी कॉलोनी में कुल 70 परिवारों में लगभग 200 दूध के पैकेट वितरित किए गए। क्लब की अध्यक्ष स्वाति भरतिया ने कहा कि क्लब नालागढ झेत्र में अपनी सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाएगा तथा समाज कल्याण के कार्यक्रम आयोजित करेगा। इनरव्हील क्लब के माध्यम से कन्याओं का मार्गदर्शन के अलावा अन्य सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया जाएगा।

### चायल वनक्षेत्र में किया पौधरोपण

**सोलन।** चायल होटल एसोसिएशन ने चायल वनक्षेत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी चेयरमैन रूप सिंह ठाकुर होटल एसोसिएशन के उदयवीर सिंह चंदेल, होटलों का स्टॉफ भूपराम, सिस राम, खेमराज, जोगिंद्र, नरेंद्र, रमेश, तनुज, सिदार्थ आदि ने भाग लिया। इसमें चायल होटल एसोसिएशन को वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए थे। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए चायल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बताया कि हमें बरसात के दिनों में जरूर पौधे लगाने चाहिए।

### देवव्रत यादव बने हिमाचल चैंबर ऑफ कॉमर्स के सलाहकार

**बद्दी।** ईएसआईसी से सेवानिवृत्त सहायक निदेशक देवव्रत यादव को हिमाचल प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सहालाकार नियुक्त किया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश गोयल ने बताया कि देवव्रत यादव अपनी नौकरी के दौरान और सेवानिवृत्त होने के बाद कामगार एवं लोकहित में अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इन्होंने मजदूरों व उनके आश्रितों को ईएसआईसी से जोड़कर चिकित्सा सुविधा का लाभ पहुंचाया है। अस्पतालो में रक्त की कमी न हो इसके लिए उन्होंने कोरोना काल में दर्जन रक्तदान शिविर भी लगाए। उनके मनोनयन से वर्धमान ग्रुप के निदेशक आईएम जेएस सिद्धू, बिरला के वाइस प्रेसिडेंट आरके शर्मा, विनसम के महाप्रबंधक रविंद्र रोहिला, बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, एचडीएमए के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भारत उद्योग संघ के हिमाचल चैप्टर के प्रधान चिरंजीव ठाकुर, लघु उद्योग भारती के बीबीएन के अध्यक्ष अशोक राणा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उद्योग प्रभारी मेला राम चंदेल, एटक का जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, इंटक का अध्यक्ष श्याम ठाकुर, राष्ट्रीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने देवव्रत यादव के सहालकार चुने जाने पर खुशी जाहिर की है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता ध्यान सिंह लादी के निधन पर जताया शोक

**बद्दी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और 2003 में दून विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे ध्यान सिंह लादी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को देर सायं निधन हो गया। ध्यान सिंह लादी ने क्षेत्र में अध्यापक के तौर पर सेवाएं देने के बाद 2003 में भाजपा के प्रत्याशी तौर चुनाव भी लड़ा था। वह भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन पर सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल, पूर्व विधायक परमजीत सिंह, पूर्व विधायक विनोद चंदेल, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठाकुर, आशुतोष वैध, प्रदेश कार्यसमिति भाजपा के सदस्य डॉ. श्रीकांत शर्मा, गोपाल, मंडल अध्यक्ष बलबीर ठाकुर, कैप्टन डीआर चंदेल, गुरमेल चौधरी, बीडीसी चेयरमैन प्रेम चंद ठाकुर, वाइस चेयरमैन जमुना ठाकुर, अमर संधू, नारायण दास, भाजपा जिला सचिव गुरमेल चौधरी, कश्मीरी लाल धीमान, रणजीत सिंह, जसवंत ठाकुर, जसवंत राय, राकेश चंदेल, तरसेम चौधरी, मान सिंह मेहता, पदम, नरेंद्र चंदेल, सुशील, देवराज चौधरी, कृष्णा कौशल, गुरदेव आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति संवेदना भी प्रकट की।

# हाड़ा मेहता में 13 दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर 30 परिवार


## बिजली की आपूर्ति न होने से दिक्कतें झेल रहे लोग

हिमाचल दस्तक ■ पट्टा मेहलोग

**दून** विधानसभा के पहाड़ी इलाके के तहत ग्राम पंचायत ढकरियाना के गांव हाड़ा मेहता के 30 परिवार पिछले 13 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गांव में बिजली की आपूर्ति न होने से लोग पेयजल की किल्लत से भी जूझ रहे हैं। लेकिन दूरदराज के इस गांव के लोगों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।


ग्राम पंचायत ढकरियाना के प्रधान प्रेमसिंह, उपप्रधान बलबीर सिंह, पूर्व प्रधान कुलवंत सिंह, मान सिंह मेहता, रामस्वरूप, वार्ड पंच हीरा देवी, सावित्री देवी के अलावा जन कल्याण सेवा समिति के प्रधान शंकर लाल, महिला मंडल की प्रधान रीना देवी आदि ने बताया कि गांव में बिजली व पेयजल न होने से लोगों का जीना दुभर हो गया है। विभाग के कर्मचारियों को बार-बार आग्रह करने के बाद अभी तक सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिल रहे हैं। बरसात के इस मौसम में लोग प्राकृतिक चश्मों और बावड़ियों का पानी प्रयोग कर रहे हैं, जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। लोगों ने बताया कि वर्षा के बाद तकरीबन सभी गांव के लिए बिजली सुविधा बहाल कर दी है लेकिन हाड़ा मेहता गांव के लोग पिछले 13 दिन से बिना बिजली जीवनयापन कर रहे हैं। प्रधान ने कहा कि जब भी विद्युत बोर्ड गोयला के अधिकारियों से इस संदर्भ में बात करते हैं तो अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ देते हैं कि हमारे पास पर्याप्त लेबर नहीं हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि ऐसे में लोगों को कब तक बिजली की सप्लाई मिलेगी। ग्राम पंचायत गोयला के प्रधान मदन वर्मा व उपप्रधान तारा चंद भाटिया ने सुझाव दिया कि गोयला में बद्दी, चंडी व छिआछी की तरफ से आने वाली विद्युत लाइनों का ट्रायंगल सर्किट बनाया जाए तो पूरे इलाके की सप्लाई का समाधान हो सकता है।

■ बिजली न होने से गांव में नहीं हो पा रही पानी की सप्लाई




"बरसात की वजह से शेरला के निकट एलटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी,जिसे दोबारा ठीक किया जा रहा है। यातायात बंद होने व बारिश होने के चलते कार्य करने में दिक्कतें आ रही है। विभाग के कर्मचारी लाइन को ठीक करने में जुटे हैं। जैसे ही लाइन ठीक होगी, सप्लाई बहाल कर दी जाएगी

-चरण सिंह ठाकुर
सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल गोयला।



अर्की–भराड़ीघाट रोड तीन दिन बाद बहाल

*अर्की। पिछले दिनों भारी बारिश के कारण अर्की-भराड़ीघाट वाया धुंधन सड़क मार्ग विशालकाय चट्टान के सड़क पर आने की वजह से बंद हो गया था। जिसे अब 3 दिन बाद वाहनों के लिए खोल दिया गया। ज्ञात रहे कि गत शनिवार सुबह 7 बजे के लगभग एक भारी भरकम चट्टान बखालग के समीप खराड़ी नामक स्थान के पास एक घर को रौंदते हुए सड़क पर आ गिरी थी। जिससे यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया था।* ■हिमाचल दस्तक

### शामती में प्रभावित परिवारों से मिलीं महिला कांग्रेस महासचिव मधु ठाकुर

**सोलन।** शामती में हुए भारी भू-स्खलन से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए विभिन्न संस्थाओं सहित आम लोगों ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। इस प्राकृतिक आपदा से बहुत लोगों के मकान ध्वस्त हुए और लोगों के आशियाने छिन गए। इसी कड़ी में कांग्रेस महिला महासचिव मधु ठाकुर इन प्रभावित परिवारों का हाल जानने के लिए जटौली पहुंची। इसके बाद उन्होंने क्यार गांव का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को राशन व अन्य सम्मान वितरित किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से दुख साझा करते हुए हरसंभव मदद देने की बात कही। इस मौके प्रभावित परिवारों ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ प्रदेश सचिव कुनाल सूद व पूजा भी शामिल थे।

## पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट रिन्यू करने के नाम पर ठगे 5 लाख

हिमाचल दस्तक ■ सोलन

**पुलिस** थाना सोलन में पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट रिन्यू करने का नाम पर 5 लाख की ठगी का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सेरी गलानाग के रहने वाले अरुण गुप्ता निवासी ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें एक फोन आया। जिसमें उन्हें पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट रिन्यू करने की बात कही गई। यहां पर शातिर ने अरुण से कहा कि उनका पेंशन लाइफ सर्टिफिकेट एक्सपायर हो गया है और अब रिमूव करने के लिए उन्हें एक ऐप दी जा रही है जिसमें उन्हें अपनी तमाम जानकारी भरनी होगी।

अरुण ने भी बिना सोचे-समझे ऐप डाउनलोड की और उसमें अपनी सभी बैंक से संबंधित निजी जानकारी भर दी। इसके बाद तुरंत ही उनके खाते से 3 लाख रुपये निकाल लिए गए। शातिर ने 3 लाख रुपये से एचडीएफसी में एफडी बनाई और उसके सामने लोन ले लिया। इतना ही नहीं कुछ देर बाद फिर अरुण के खाते से 2 लाख रुपये और निकाले गए। ऐसे में अरुण से 5 लाख रुपये की ठगी हुई। एएसपी योगेश रोल्टा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।




■ पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन

### जिला में आज नुकसान का आकलन करेगा केंद्रीय दल

**सोलन।** केंद्रीय अंतर मंत्रालय दल 19 जुलाई को सोलन जिला में भारी वर्षा के कारण प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन करेगा। यह जानकारी मंगलवार को यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि केंद्रीय दल 19 जुलाई को प्रातः 9.45 बजे जिला के परवाणू से वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन प्रारंभ करेगा। दल द्वारा परवाणू के सेक्टर 5 स्थित औद्योगिक क्षेत्र तथा कामली गांव में निरीक्षण किया जाएगा। दल तदोपरांत कोटी, जाबली तथा धर्मपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए नुकसान का निरीक्षण होगा। डीसी ने कहा कि दल द्वारा सिहाड़ी में हुए भूस्खलन का जायजा लिया जाएगा। केंद्रीय दल द्वारा इसके उपरांत दिन में लगभग एक बजे सोलन के शामती में हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोपहर 2.30 बजे जिला प्रशासन द्वारा केंद्रीय दल के समक्ष भारी वर्षा से हुए नुकसान के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

## सोलन अस्पताल में एक्स–रे की सुविधा शुरू

### सीआर सिस्टम में कैसेट फंसने से खराब पड़ी थी मशीन

तोमर ठाकुर ■ सोलन

**करीब** एक सप्ताह बाद आखिर सोलन हॉस्पिटल में मरीजों को एक्स-रे की सुविधा मिलनी शुरू हो गई। यहां पर मशीन का सीआर सिस्टम खराब था। जिसे क्रस्ना लैब के तकनीशियन ने ठीक कर दिया। ऐसे में अब मरीजों को एक्स-रे करवाने के लिए निजी क्लीनिक के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। इससे मरीजों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले हॉस्पिटल में एक्स-रे मशीन के सीआर सिस्टम में कैसेट फंसने से मशीन काम नहीं कर पा रही थी। ऐसे में हॉस्पिटल प्रबंधन ने इसे ठीक करने के लिए क्रस्ना लैब कर्मियों पर प्रेशर डाला और मशीन ठीक कर दी गई। हालांकि इस एक सप्ताह के बीच मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस अवधि में मरीजों को एक्स-रे करवाने के लिए निजी लैब का सहारा लेना पड़ा। इससे जहां एक तरफ लोगों को अधिक पैसे चुकाने पड़े तो वहीं दूसरी तरफ लोगों का समय भी अधिक भी लगा। गौर रहे कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।



"हॉस्पिटल में एक्स–रे मशीन के साथ लगी सीआर मशीन में कैसेट फंस गई थी। जिसे अब ठीक कर दिया गया है। अब मरीजों को अस्पताल में एक्स–रे की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है।

**डॉ एसएल वर्मा**, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।

**रोजाना होते हैं 100 से ज्यादा एक्स-रे**

**सोलन हॉस्पिटल में प्रतिदिन 100 से भी अधिक एक्स-रे किए जाते हैं। क्योंकि हॉस्पिटल में एक्स-रे फ्री होते हैं। नतीजतन हॉस्पिटल में आए जिस भी मरीज को इसकी जरूरत होती है तो एक्स-रे करवाता है। उधर मंगलवार को 100 से भी अधिक मरीजों ने एक्स-रे करवाए हैं। हालांकि एक्स-रे की सुविधा बाहर भी उपलब्ध है, लेकिन बाहर 200 रुपये में एक्स-रे होते हैं। इसके चलते मरीज अंदर ही एक्स-रे करवाने में दिलचस्पी दिखाते हैं।**

## 26 को बनेगा नगर परिषद का नया अध्यक्ष

### पहली बार विधायक भी करेंगे अध्यक्ष पद के लिए मतदान

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ■ नालागढ़

**नगर** परिषद नालागढ़ को 26 जुलाई को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके लिए उपमंडल प्रशासन ने अध्यक्ष के चयन के लिए तारीख तय कर दी है। नगर परिषद नालागढ़ के कई माह से रिक्त चल रहे अध्यक्ष पद पर 26 जुलाई को चुनाव होंगे। अध्यक्ष के लिए अब लोगों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पिछले 7 माह से नप नालागढ़ बिना अध्यक्ष के ही चल रही है।

21 जनवरी को चुनाव के लिए बैठक बुलाई थी लेकिन विधायक केएल ठाकुर ने भी वोट डालने का अधिकार मांगा था। जिस पर उपायुक्त ने इसे लीगल ओपिनियन के लिए सरकार को भेजा गया था। जिस पर फैसला आ गया है और विधायक को वोट डालने की अनुमति दी गई है। एसडीएम ने उपायुक्त का पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि 26 जुलाई को अब नप की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार वर्ष 1952 की पुरानी परिषदों में शुमार नगर परिषद नालागढ़ को एक और अध्यक्ष मुहैया हो जाएगा। नगर परिषद नालागढ़ को 26 जुलाई को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके लिए उपमंडल प्रशासन ने अध्यक्ष के चयन के लिए तारीख तय कर दी है। पिछले करीब 7 माह से अधिक समय से नालागढ़ की नगर परिषद बिना अध्यक्ष के चल रही है। 5 पार्षदों ने नप अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित करके जिला उपायुक्त को भेजा था। 30 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया था।

■ पिछले 7 माह से खाली चल रही नगर परिषद नालागढ़ के अध्यक्ष की कुर्सी

"अध्यक्ष के चयन के लिए 26 जुलाई का दिन तय कर दिया है और कोरम पूरा होने की सूरत में इसी दिन अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा, अन्यथा आगामी तिथि तय करनी होगी।

**दिव्यांशु सिंगल**, एसडीएम, नालागढ़।

### सिर्फ अध्यक्ष के खिलाफ 5 पार्षदों ने लाया था अविश्वास प्रस्ताव

**नगर** परिषद नालागढ़ में 5 पार्षदों ने सिर्फ अध्यक्ष के खिलाफ ही अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जबकि उपाध्यक्ष की कुर्सी सुरक्षित है। नालागढ़ परिषद के वार्ड-2 से पार्षद वंदना बंसल, वार्ड-4 से संजीव भारद्वाज, वार्ड-5 से अलका वर्मा, वार्ड-7 के पार्षद अमरिंद्र भिंडर और वार्ड-8 से पार्षद सहर शर्मा ने अध्यक्ष के खिलाफ आविश्वास प्रस्ताव पारित किया था। अल्का वर्मा और वंदना बंसल पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष रह चुकी हैं। बताया जा है कि कांग्रेस महासचिव हरदीप बावा भी 4 पार्षदों के साथ सीएम के सामने हाजिरी भर आए हैं और जल्द ही चुनाव करने की मांग की है।अब देखना है कि 26 जुलाई को ताज किसके सिर पर सजेगा। विधायक को वोट अधिकार मिलने के बाद अब एक नई शुरुआत हुई है और जिसके पास 6 पार्षद होंगे उसका अध्यक्ष बनना तय है।

### नगर परिषद बद्दी के अध्यक्ष पद पर कल होगा फैसला

**बीबीएन।** नालागढ़ नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव से पहले रिक्त पड़ी नगर परिषद बद्दी की अध्यक्ष की ताजपोशी 20 जुलाई को होगी। नगर परिषद बद्दी के ताज का फैसला 20 जुलाई को होगा। एसडीएम ने अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष जस्सी चौधरी ने गत दिनों अपने पद से पारिवारिक कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया था जिसको राज्य सरकार ने स्वीकार कर 13 जुलाई से प्रधान पद खाली होने की अधिसूचना जारी कर दी थी। उसी दिन से यह पद खाली चला आ रहा था।

### इनरव्हील क्लब ने बांटे कागज के लिफाफे

**सोलन।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से व प्लास्टिक पर बैन होने के चलते इनरव्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा रेहड़ी-फड़ी वालों को मंगलवार को सामान बेचने के लिए कागज व अखबार के लिफाफे वितरित किए गए। वहीं रेहड़ी-फड़ी वालों को अखबार व कागज के लिफाफे इस्तेमाल करने के बारे में भी जागृत किया गया। वहीं जरूरतमंद महिला को लिफाफे बनाने के लिए कागज, अखबार व गोंद आदि उपलब्ध करवाया गया। इस अवसर पर क्लब की प्रधान ऊषा ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके चोरी छिपे कई जगह पर प्लास्टिक के लिफाफे का इस्तेमाल किया जाता है। लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके अखबार व कागज के लिफाफे इस्तेमाल करने के लिए इनरव्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा रेहड़ी-फड़ी वालों को जागरूक किया गया।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**सूचना**

निम्नलिखित ऋणी, सहऋणी को सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत आपकी सम्पत्ति को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विक्रय किया जा रहा है। यदि आप द्वारा 7 दिवस के भीतर बंधक सम्पत्ति में रखा हुआ सामान नहीं हटाया जाता है कि तो उक्त सामान को बेचान अथवा अन्यत्र किरायाशुदा स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिसके हर्जे, खर्चे व स्थानान्तरण के दौरान होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। सामान प्राप्त करने व इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र राहुल मेहता 8288010115 या नजदिकी शाखा में सम्पर्क करें।

| ऋण खाता संख्या | ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता गारंटर का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| L9001060719926728<br>L9001061121057417 | विजय इंटरप्राइजेज (ऋणी) बग्गू पुत्र संत राम (सह-ऋणी), विजय कुमार पुत्र बग्गू (सह-ऋणी) | संपत्ति स्थित खेवटध्खतौनी नंबर 77/91, खसरा नंबर 176/90/2/15, मौजा- सिहरारी मुसलमाना, हदबस्त नं. 769, तहसील-कसौली, जिला-सोलन, हिमाचल प्रदेश। |

दिनांक: 18.07.2023
स्थान: सोलन
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**कोस्मो फेराइट्स लिमिटेड**
CIN: L27106HP1985PLC006378
पंजी. कार्या.: पी.ओ. जबली, डिस्ट्रि. सोलन, हि.प्र–173209
फोनः 01792-277232
ई–मेल: investorservices@cosmoferrites.com, वेबसाइट: www.cosmoferrites.com

**सूचना**

1. एतद्द्वारा **सूचना** दी जाती है, कि कंपनी अधिनियम, 2023 के प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (''सेबी'') (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') द्वारा जारी किये गये सामान्य परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 और सेबी द्वारा जारी किये गये परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022 /62 दिनांक 13 मई, 2022, सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 05 जनवरी, 2023 के अनुपालन में 24 मई, 2023 की बैठक की सूचना में निर्धारित कामकाज के निष्पादन के लिए कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 09 अगस्त, 2023 को अप. 03.00 बजे आईएसटी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (''ओएवीएम'') के द्वारा आयोजित की जाएगी।
2. उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेज दी गई हैं जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं।
3. कंपनी ने 37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दर्शाए गए सभी व्यवसाय(ों) के निष्पादन के लिए सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के प्लेटफार्म पर ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा प्रदान की है। सदस्यगण बैठक के स्थल के अलावा किसी भी स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") का उपयोग कर अपना वोट दे सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग सुविधा रविवार, 06 अगस्त, 2023 को प्रातः 09:00 बजे से शुरू होगी और मंगलवार, 08 अगस्त, 2023 को सायं 05:00 बजे समाप्त होगी। इस तिथि व समय के बाद ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
4. कोई भी व्यक्ति जिनके नाम अंतिम तिथि अर्थात् बुधवार, 02 अगस्त, 2023 तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामी में शामिल हैं केवल वहीं बैठक में रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग कर सकते हैं। सदस्य जो रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट देना चाहते हैं वह बैठक में उपस्थित हो सकते हैं लेकिन वह दोबारा बैठक में अपना वोट देने के पात्र नहीं होंगे।
5. कोई भी व्यक्ति जिनके पास शेयर हैं और सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के सदस्य बन गए हैं, वह कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट **मैसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, 4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055** से रिमोट ई–वोटिंग हेतु यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बैठक की सूचना में दी गई है जो कंपनी की वेबसाइट **www.cosmoferrites.com**, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध है।
6. ई–वोटिंग का नतीजा कंपनी की वार्षिक आम बैठक में या उसके बाद घोषित किया जायेगा। निरीक्षक की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम सदस्यों की जानकारी के लिए स्टॉक एक्सचेंज(ों) को सूचित किये जाने के साथ साथ कंपनी तथा सीडीएसएल की वेबसाइट पर दर्शाये जायेगें।
7. सूचना तथा कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.cosmoferrites.com पर दर्शायी जायेगी। यदि एजीएम मे भाग लेने और ई–वोटिंग के संबंध में आपकी कोई शंका या समस्या है तो आप www.evotingindia.com पर सहायता खंड के अन्तर्गत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') तथा ई–वोटिंग मैन्युअल के देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल कर सकते हैं या टोल फ्री नं0. 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान करने की सुविधा से संबंधी किसी शिकायत के मामले में कृपया श्री राकेश दालवी, प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कम्पांउड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट) मुम्बई–400013 से सम्पर्क करें।
8. एतद्वारा आगे सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियम 42 के अनुसार, वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य के लिए सदस्यों का रजिस्टर तथा कंपनी की शेयर स्थानांतरण बुक्स गुरूवार 03 अगस्त, 2023 से बुधवार, 09 अगस्त, 2023 (दोनों दिनों सहित) तक बंद रहेगीं।

कृते **कोस्मो फेराइट्स लिमिटेड**
हस्ता/–
राहुल दास
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
नई दिल्ली
तिथि: 17 जुलाई, 2023

सेब के पौधों से बढ़ाई ग्रामीणों की आर्थिकी, बाहरी राज्यों तक पहुंची हैप्पी वैली के सेब की चमक

# कोठी के विक्रांत ने सेब के पौधे लगाकर बदल दी गांव की तकदीर

पुनीत वर्मा ■ सोलन

**सोलन** में कोठी के विक्रांत ठाकुर से शायद हर कोई वाकिफ न हो। लेकिन व्यक्ति में यदि कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो पहचान अपने आप बन जाती है। ऐसी ही पहचान बनाई 46 वर्षीय युवा विक्रांत ने। इस युवक के विजन और जज्बे ने आज गांव की तकदीर ही नहीं बदली बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी भी मजबूत कर दी है। हमेशा कुछ नया करने की जिद वाले विक्रांत ही हैं जिनकी बदौलत आज हैप्पी वैली के सेब की चमक व धमक बाहरी राज्यों तक पहुंची है।

विक्रांत ने सेब उत्पादन में ऐसे कदम बढ़ाए कि वे क्षेत्र के लिए मिसाल बन गए। कई साल सेब और अपनी जमीन पर अध्ययन किया। आखिर साल 2019 में अर्ली वेरायटी का सेब लगा प्रयोग कर ही दिया। कहते हैं मन चंगा तो कठौती में गंगा। यह बात विक्रांत पर सटीक बैठी। सेब का प्रयोग सफल हो गया। प्रयोग इस कदर सफल हुआ कि आज विक्रांत के अलावा गांव के करीब 10 परिवार सेब उत्पादन की ओर अग्रसर हुए हैं। विक्रांत का सेब पहले ही साल सैंपल के रूप में मंडी पहुंचा तो धमाका हो गया। जिसकी भी नजर हैप्पी वैली में तैयार सेब पर पड़ी वो दंग रह गया। सैंपल के परिणाम देख विक्रांत का हौसला दोगुना हो गया। उसके बाद सेब उत्पादन की लगन ऐसी लगी कि प्रयोग के तौर पर लगाया सेब महज 4 सालों में लाखों करोड़ों के व्यवसाय तक पहुंच गया। नेचर लवर एडवोकेट विक्रांत ने 2011 में फ्लोरिकल्चर व्यवसाय को अपनाया। टमाटर व गोभी का व्यवसाय भी संभाला। विक्रांत बताते हैं कि हैप्पी वैली 80-90 के दशक में गोभी और प्लम के लिए मशहूर रहा। पूरी वैली में प्लम खुरमानी की तो बंपर पैदावार होती रही है। इसके बाद टमाटर के उत्पादन में कई कीर्तिमान स्थापित किए। अब सेब के मिल रहे परिणाम क्षेत्र को विकसित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

■ विजनरी सोच के चलते हजारों लोगों के लिए बने प्रेरणास्रोत



### शुरुआत की तो लोगों ने उड़ाया मजाक : राजू

**विक्रांत** से प्रेरित सेब व्यवसायी बने राजू का कहना है कि क्षेत्र को सेब विक्रांत ठाकुर की देन है। सेब उत्पादन के प्रति विक्रांत की लगन और नॉलेज देख हर कोई उनका मुरीद है। राजू कहते है कि जब शुरुआत में सेब को ट्रायल बेस पर लगाया तो कई लोगों ने मजाक तक उड़ाया। कुछ ने पहाड़ी तो कुछ ने हिंदी में कहा कि यहां कहां लगेंगे सेब। सेब तो सिर्फ पहाड़ों पर लगते हैं। लेकिन हमने ठानी और विक्रांत के साथ शिद्दत से काम में जुट गए। नतीजा आज सबके सामने है। गांव के लोग 250-260 रुपये प्रतिकिलो सेब बेच रहे हैं।

### विक्रांत के प्रयास लाए रंग : कपिल मेहता

**सेब** उत्पादक कपिल मेहता बोले की विक्रांत नेचर लवर हैं। क्षेत्र को हरा-भरा रखने में हमेशा आगे रहते है। अपने जेब से खर्च कर जंगलों व खाली पड़ी जमीन पर पौधरोपण करते हैं। विक्रांत की फ्लोरिकल्चर को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका है। टमाटर के दाम कम हुए तो हमने मिलकर पॉलीहाउस को चुना। आज भी मिलकर हम फूलों की सप्लाई करते है। विक्रांत ने सेब उगाकर तो कमाल ही कर दिया है। मॉडर्न तकनीक और एडवांस वैरायटी अपनाकर क्षेत्र को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। मैंने खुद भी विक्रांत से प्रेरित होकर सेब लगाया। जिसके जयपुर मंडी में बढ़िया दाम मिले। कपिल यह भी कहते है की सेब की बंपर पैदावार और विक्रांत की दूरदर्शी सोच के चलते आज कुछ लोग नौकरी के बजाय सेब उत्पादन को प्राथमिकता दे रहे है।

### काम ऐसा जिससे हो सबका भला: हनीश शर्मा

**हरीश** कहना है कि विक्रांत ने 200 सेब के पेड़ लगाकर शुरुआत की जो आज हजारों में पहुंच गई है। इससे इतना प्रोत्साहन मिला कि गांव के युवा सेब उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं। इतने कम समय में लाखों-करोड़ों का कारोबार हैप्पी वैली से होने लगा है। इस वजह से बागवानी के कई विशेषज्ञ भी यहां आते हैं व अपनी सलाह देते हैं ताकि फसल अच्छी हो। शर्मा का कहना है कि विक्रांत किसी तरह के प्रचार में दिलचस्पी नहीं रखते। बस काम कर युवाओं सहित बढ़ों को राह दिखाते हैं। शर्मा ने कहा कि विक्रांत का मानना है कि काम ऐसा हो जिससे सबका भला हो।